# आमसभा में बोले आमजन, षड्यंत्र के शिकार हुए आदित्य

## पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह के समर्थन में जुटे लोग, आमसभा के साथ ही सोशल मीडिया पर कैंपन जारी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह षड़यंत्र के शिकार हुए है, क्योंकि वह लगातार जनहितैषी कार्य करने के साथ भूमाफियाओ पर लगातार कार्रवाई कर रहे थे। साथ गरीब, मजदूर वर्ग के सुधार पर विशेष फोकस था, जिसके चलते उनके खिलाफ षड़यंत्र रचा गया और उन पर रिश्वत जैसे गंभीर आरोप लगाकर उन्हें हटाया गया, यह बाते पूर्व कलेक्टर आदित्य सिंह के समर्थन में आयोजित आमसभा के दौरान विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक लोगों ने आमसभा को संबोधित करते हुए कहीं। दरअसल कलेक्टर आदित्य सिंह पर लगे गंभीर आरोपो और उनके बाद उनका स्थानांतरित आदेश आने के बाद जिले के आमजन आदित्य सिंह समर्थन में उतरे। जहां आम लोगों ने आदित्य सिंह के पक्ष में सोशल मीडिया पर कैंपन चलाई। तो वहीं शुक्रवार को विमानो के चबूतरा के पास एक जनसभा भी आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न सामाजिक लोग एकत्रित हुए। जहां पर पूर्व कलेक्टर द्वारा किए



कार्य जनहितैषी कार्य को याद किया गया। तो वहीं मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार शंभू सिंह मीना को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कलेक्टर आदित्य सिंह के स्थानांतरण आदेश पर पुनः विचार करने की मांग की गई।

**शिक्षा, स्वास्थ्य से लेकर किए बेह्त्तर कार्यः**

आमसभा के दौरान लोग बोले कि उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में महत्वपूर्ण सुधार किए, जिससे आम लोगों को बेहत्तर स्वास्थ्य मिलना शुरू हुई। तो वहीं बताया कि आदित्य सिंह ने भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की और सरकारी व निजी जमीनों से अवैध कब्जे हटवाए। उन्होंने स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित की, आंगनबाड़ी केंद्रों और स्वास्थ्य विभाग में भी महत्वपूर्ण सुधार किए। आमसभा में मौजूद लोगों का मानना है कि जिले को आदित्य सिंह जैसे कलेक्टर की आवश्यकता है। उनके कार्यकाल में हुए बदलावों को देखते हुए जनता चाहती थी कि वे कुछ और समय तक जिले में रहें ताकि बेहतर काम जारी रह सकें।

**मुख्यमंत्री से मांग, ट्रांसफर पर करे पुनर्विचारः**

ज्ञापन में कहा गया है कि तत्कालीन जिलाधीश आदित्य सिंह का हालिया स्थानांतरण जिले की आम जनता के लिए निराशाजनक है। आम जनमानस का मानना है कि यह स्थानांतरण कुछ षड्यंत्रपूर्ण गतिविधियों का परिणाम है। सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आदित्य सिंह ने अपनी कर्तव्यनिष्ठा, संवेदनशील प्रशासनिक दृष्टिकोण और जनहितैषी कार्यशैली से जिले के आमजन, विशेषकर गरीब और वंचित वर्ग के लोगों के दिलों में जगह बनाई है। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्रों, शासकीय विद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय रूप से कार्य किया। जनता ने उनके अचानक स्थानांतरण पर व्यापक निराशा व्यक्त की है। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर पुनर्विचार करें और जिलाधीश आदित्य सिंह के स्थानांतरण आदेश को निरस्त करें।

**हर चौक-चौराहे पर हो रहीं चर्चा :**

जिले के कलेक्टर रहे आदित्य सिंह का ट्रांसफर जिले में चर्चाओ का विषय बना हुआ है। जिसके चलते गांव से लेकर शहर और गली से लेकर चौक-चौराहे पर लोगों के बीच यहीं चर्चा होती देखी जा रहीं है। जहां लोगों का कहना है कि कलेक्टर अच्छे कार्य कर रहे थे, जो कुछ राजनैतिक लोगों को पसंद नहीं आए, जिसके चलते उनका ट्रांसफर करा दिया गया। तो वहीं कई कहते नजर आ रहे कि आंनदपुर ट्रस्ट इतना मजबूत नेटवर्क है वह कलेक्टर को भी बदलवा देते है। वहीं बाजार में चर्चाओ का आलम जारी है।




# नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय ने संभाला पदभार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** नवागत कलेक्टर साकेत मालवीय ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट अशोकनगर पहुंचकर 22 वें अशोकनगर कलेक्टर के पद पर पदभार ग्रहण किया। श्री मालवीय 2014 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। श्री मालवीय इसके पूर्व संचालक कर्मचारी चयन मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल में पदस्थ थे। साथ ही सीधी कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिंगरौली में पदस्थ रहे। इस अवसर पर मुख्यु कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डीएन सिंह, संयुक्त कलेक्टर आरबी सिण्डोस्कर ,एसडीएम अशोकनगर शुभ्रता त्रिपाठी,ईसागढ़ एसडीएम त्रिलोचन गौड़, चंदेरी एसडीएम मनीष धनगर उपस्थित रहे।

## एक नजर में

### मेंटेनेंस के चलते पांच घंटे बिजली कटौती

**मुंगावली।** 33/11 केवी सवस्टेशन मुंगावली का मेंटिनेंस होना हैं, मेंटिनेंस कार्य के चलते पांच घंटे बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी। जानकारी के अनुसार सबस्टेशन मुंगावली के कार्य के चलते सुबह 11 से 4= बजे तक है शहर से निर्गमित फीडर हुरेरी आवादी, चाचूखेडा पंप व गदली मिक्स, चन्देरी रोड, स्टेशन रोड, वाटर वक्स आदि फीडर की विद्यूत सप्लाई बंद रहेगी। जिसके अन्तर्गत आने वाला क्षेत्र स्टेशन रोड, कुशवाहा कालोनी, सिद्धि विनायक कालोनी, मल्हारगढ रोड, तलैया मोहल्ला, रामलीला मंच, काजी कालोनी, शहनाई गार्डन मल्हारगढ रोड, कछियाना मोहल्ला, पुराना बाजार, बस स्टेंण्ड, गौंडपुरा, चंदेरी रोड, बहादुरपुर रोड, चन्देरी रोड महाराणा प्रताप कालोनी आदि क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। कार्य की आवश्यकतानुसार समय को घटाया/बढाया जा सकता है।



### संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स के लिए चयनित खिलाडियों को किया रवाना

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश शासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संभाग स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स में भाग लेने के लिए जिले के चयनित खिलाड़ियों को संभाग स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स 2025 में भाग लेने के लिए शिवपुरी एवं ग्वालियर भेजा गया है। संभाग शिवपुरी में टेबल टेनिस एवं क्रिकेट खेलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को एवं संभाग ग्वालियर में कबड्डी बास्केटबॉल बैडमिंटन एवं योगासन के बालक एवं बालिका खिलाड़ियों को भेजा गया है। संभाग स्तरीय आयोजन 22 से शुरू होकर 25 जनवरी तक चलेंगे। जिला खेल अधिकारी अरुण रघुवंशी ने बताया गया कि ब्लॉक स्तरीय एवं जिला स्तरीय चयन स्पर्धाओं के पश्चात अब तृतीय चरण में खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 का आयोजन संभाग स्तर पर कराया जा रहा है। संभाग स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स 2025 में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मध्यप्रदेश शासन खेल विभाग द्वारा विजेता टीमों एवं खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार प्रदान किए जावेंगे। खिलाड़ियों को रेलवे स्टेशन रवाना करते समय खिलाड़ियों के अभिभावक एवं खेल प्रशिक्षक प्रहलाद श्रीवास्तव,आदित्य शर्मा, शशिकांत भार्गव, वीरेंद्र कुमार, राजेश ओझा, रेणु ओझा,दिलीप रघुवंशी, शिव शर्मा सहित खिलाड़ियों के परिजन उपस्थित रहे और संभाग स्तर पर जाने वाले खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

# बुलडोजर की कार्रवाई न होने से आक्रोशित हुए लोग

## गुस्साए लोगों ने सीएमओ को भेंट की चूड़ियां और साड़ी, कल्लू अहिरवार की हत्या का है मामला

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** पिपरई में कल्लू अहिरवार की निर्मम हत्या के आरोपी के घर पर बुलडोजर कार्यवाही न होने पर परिवार एवं समाजजनों का आंक्रोश फूट पड़ा और उन्होंने सीएमओ को एक ज्ञापन देते हुए उन्हें चूड़ी और साड़ी आदि भेंट किए। इस दौरान लोगों ने बताया कि विगत दिवस आयोजित बैठक में निर्णय हुआ था आरोपियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी, लेकिन जब यह कार्रवाई नहीं तो परिजनों सहित समाजजनों का गुस्सा फूट पड़ा और सीएमओ को चूडिया भेंट की।

उल्लेखनीय है कि पिपरई में 2 जनवरी को कल्लू पुत्र नत्थू अहिरवार के साथ बदमाशों ने मारपीट करते हुए उसे घसीटा जिससे उसकी मृत्यु हो गई। जिस पर परिवार और समाज जनों ने छह घंटे तक मृतक का शव रख कर चक्काजाम किया था। तो वहीं पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तीन पर



नाम दर्ज और कुछ अज्ञात लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया। परिवार जनों ने उसी समय हत्या के आरोपियों के घर पर बुलडोजर की कार्यवाही की मांग की थी। तब मुंगावली एसडीएम इसरार खान ने समय मांगते हुए हत्यारों के घर की जांच कराकर कर बुलडोजर कार्यवाही किए जाने की बात कहीं थी। तब परिवार के लोगों ने मृतक के शव अंतिम संस्कार किया था। तो वहीं इस कार्रवाई को लेकर मृतक की पुत्री गुड्डी वाई सहित अन्य परिजनों का कहना है कि नगर परिषद द्वारा हमको लगातार गुमराह किया जा रहा है। जहां तीन दिन में अतिक्रमण गिराने के नोटिस लगाए थे, लेकिन आज कई दिन बीत जाने के बाद कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण मजबूर होकर उन्हें चूड़ी, साड़ी सहित महिला के श्रृंगार का सभी सामग्री भेंट की गई।

***इनका कहना है।***

*हमने नोटिस जारी कर दिया था तीन दिन का समय दिया था और फिर शुक्रवार का समय निर्धारित किया था और कागजी कार्यवाही भी पूरी कर ली गई थी। अचानक कलेक्टर साहब का बदलना और शुक्रवार को ही नए कलेक्टर साहब आए है अब हम उनको इसकी जानकारी देंगे। जिसके बद जल्दी ही बुलडोजर की कार्रवाई की जाएगी।*

***अशोक वर्मा, सीएमओ***
***नगर परिषद पिपरई।***

### स्कूल में मना बसंत उत्सव

**मुंगावली।** सनातन धर्म में वसंत पंचमी का विशेष महत्व है। यह पर्व ज्ञान, विद्या और कला की देवी मां सरस्वती को समर्पित होता है। इस वर्ष शुक्रवार को 23 जनवरी को वसंत पंचमी मनाई गई। इस दिन देशभर में सरस्वती पूजा, विद्यारंभ संस्कार और पीले रंग से जुड़ी परंपराएं निभाई जाती हैं जिसका अंतर्गत सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगावली में भी बसंत पंचमी के अवसर पर मां सरस्वती जी का प्रकटोत्सव मनाया गया । इसमें विद्यारंभ संस्कार का आयोजन किया गया जिसमें सर्वप्रथम भैया बहिनों के द्वारा नगर में घोष दल के साथ वेद यात्रा निकाली गई तत्पश्चात अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में बड़ी संख्या मेंलोग मौजूद रहे।

# युवक ने खुद की बाइक में लगाई आग

नवभारत न्यूज

**बहादुरपुर।** शुक्रवार दोपहर को कस्बे में शराब दुकान के पीछे बस्ती में एक युवक ने स्वयं की मोटर साइकिल में आग लगा दी। जिससे मोटर साइकिल कुछ ही मिनटों में पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। युवक आग लगाकर मौके से भाग गया। उसके भाई ने बताया कि अक्सर वह ऐसी हरकतें करता है, इससे पहले एक बार युवक ने अपने कपड़ों में भी आग लगा ली थी। हालांकि इसकी कोई पुलिस थाने में शिकायत नहीं हुई है।

शराब दुकान के पीछे रहने वाले राकेश प्रजापति ने बताया कि उसके छोटे भाई अंकित ने कुछ ही दिनों पहले एक टीवीएस स्पोर्ट्स मोटर साइकिल खरीदी थी।



शुक्रवार दोपहर उसका घर पर झगड़ा हुआ, इसके बाद उसने पेट्रोल निकालकर मोटर साइकिल पर छिड़का और उसे आग के हवाले कर दिया। आग लगाकर अंकित मौके से भाग निकला। राकेश ने आग को बुझाने की कोशिश की लेकिन एक तेज धमाके के साथ मोटर साइकिल की टंकी उखड़ गई और आग तेजी से भभकने लगी। जिससे मोटर साइकिल कुछ ही मिनटों में पूरी तरह से जलकर नष्ट हो गई।

# राजस्थान से गिरफ्तार किए दो फरार वारंटी

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** बहादुरपुर पुलिस ने फरार चल रहे दो स्थाई बारंटिों को राजस्थान से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को फरियादी नें अपनी लडकी उम्र 16 साल के घर से बिना बताये कही चले जाने एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। जिस पर धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव को त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। वहीं थाना प्रभारी ने टीम गठित कर आरोपीगण गुरूमुख पुत्र बुद्धा बंजारा उम्र 41 साल निवासी नीलीघुरक, राजधर पुत्र बुद्धा बंजारा उम्र 41 साल निवासी नीलीघुरक, बदन सिह बंजारा पुत्र बुद्धा



बंजारा उम्र 45 साल निवासी नीलीघुरक के द्वारा मुख्य आरोपी का सहयोग किया गया जो घटना दिनांक से लगातार फरार चल रहे थे। पीडिता के कथन के आधार पर प्रकरण में सुसंगत धाराऐं इजाफा की गई। आरोपीगण गुरूमुख पुत्र बुद्धा बंजारा, राजधर पुत्र बुद्धा बंजारा को श्री गंगानगर राजस्थान गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।






## धर्म

### युगल सरकार मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

# जीवन में संस्कार ही सर्वोपरि : यशवंत मिश्रा

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** युगल सरकार मंदिर परिसर में श्रीमद् भावगत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ विगत दिवस कलश यात्रा के साथ किया गया। तो वहीं कथा के प्रथम दिन कथा वाचक पंडित यशवंत मिश्रा ने कहा कि जीवन में संस्कार ही सर्वोपरि है, क्योंकि सब कुछ होते हुए मोटर गाड़ी बंगला इत्यादि धन का साधन होते हुए भी अगर संस्कार नहीं है तो सब निरर्थक है। क्योंकि संस्कार ही हमें धर्म से जोड़ता है और ग्रस्त धर्म ही प्रमुख है बिगर धर्म के ना गृहस्ती चल सकती है। ना योग हो सकता है ना तपस्या हो सकती है आप कितना भी कुछ कर ले सुख की प्राप्ति बिना संस्कार के नहीं हो सकती है। उन्होंने कथा के माध्यम से उन्होंने बताया कि आत्मदेव ब्राह्मण के यहां किसी संत की तपस्या से वृद्धा अवस्था



में पुत्र की प्राप्ति हुई, लेकिन अच्छे संस्कार न मिलने के कारण उस पुत्र का नाम संसार ने धुंधकारी रख दिया जो अपने माता-पिता गुरु बहन भाई अतिथि सेवा परमार्थ सेवा भाव दया धर्म नहीं जानते उनका नाम ही धुंधकारी है जो सदा अपनी मस्ती में रहे मद्यपान करें वही धुंधकारी होते हैं। जिनके घर में शिक्षा और संस्कार नहीं है जिस घर में धुंधली रहती है जो की संस्कार विहीन है ऐसी माता धुंधकारी को जन्म दे देती है और उससे जनता परेशान रहती है। क्योंकि वे किसी न किसी का प्रतिदिन आहित ही करते हैं जो घर गृहस्ती में या बाहर लड़ाई झगड़ा करते हैं। उनका नाम ही धुंधकारी है जिसके हृदय में ज्ञान का प्रकाश नहीं है। संस्कार नहीं है उसके हृदय में अंधेरा है उसी को धुनदकार कहते हैं इसलिए अपनी अपनी संतान को शिक्षित करें संस्कार दें तभी आपका सारे दुखों से मोक्ष हो सकता है इसी कथा को श्री सुखदेव जी महाराज ने राजा परीक्षित को सुनाई थी यहां पर त्रिवेणी संगम बना हुआ है।

### इंद्र देव के अभिमान को किया दूर

मुंगावली। स्टेशन रोड़ जैना मोटर्स अग्रवाल परिवार के द्वारा सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन चल रहा है जिसमें कथा में पंचम दिवस पर भगवान श्री कृष्ण के द्वारा माखन चोरी नहीं की बल्कि की लीला के माध्यम से माखन नहीं चुराया बल्कि लीला धारी ने गोपियों के चित को चुराया भगवान श्री कृष्ण ने गोकुल में बाल लीलाओं में यशोदा मां के साथ शरारतों का संगीतमय विस्तृत वर्णन सुनाया। तो बही बताया कि कंस के द्वारा भेजी गई राक्षसी पूतना का उधार किया गया था पूतना वध में कई राक्षसों का उद्धार किया, तो वही कथा में पूतना के जीवन की गति भी मैया यशोदा को जो गति प्राप्त हुई थी। वहीं गति प्राप्त कराई कथा में कृष्ण जी की बाल काल की भव्य सुंदर बाल लीलाएं भी झांकियों के माध्यम से दिखलाई गई कथा वाचक के द्वारा इंद्र देव का अभिमान कैसे दूर किया.

### बसंत पंचमी पर अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरुआत

**अशोकनगर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन के मार्गदर्शन में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं जिला शिक्षा केन्द्र अशोकनगर द्वारा उल्लांस-नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत स्व - सहायता समूहों से जुडी असाक्षर महिलाओं को बुनियादी साक्षरता से जोडने हेतु अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरूआत पहल प्रारंभ की गई है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य समुदाय स्तर पर अक्षर साथी के माध्यम से समूहों से जुडी असाक्षर महिलाओं की बुनियादी साक्षरता को सुदृढ एवं सशक्त करना है। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में अक्षरा-शिक्षा से बदलाव की शुरूआत पहल का शुभारंभ किया गया। आयोजन के दौरान जिले के समस्त विकासखण्डों में प्रत्येक 10-20 असाक्षर दीदियों के साथ एक अक्षर साथी की निपिल एप्लीकेशन पर मैपिंग की गई तथा अक्षर साथी दीदी का पठन पाठन संबंधी उन्मुखीकरण किया गया। जिसमें 110 साक्षर साथी के साथ शामिल है।